
## खबर संक्षेप



### बहनों ने भाई के ललाट पर लगाया मंगल तिलक

**स्लीमनाबाद।** तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलों में गुरुवार को भाई-दूज पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाई के ललाट पर मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और आरती उतारी तो भाईयों ने भी बहन को उपहार प्रदान किए। दीपोत्सव पर्व के अंतिम दिन भाई-दूज मनाने का दौर दिनभर चलता रहा। भाई-दूज पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन हुआ। भाईदूज के चलते भाईयों का बहनों के यहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। धनतेरस से लेकर बुधवार भाई दूज तक कई जगह विभिन्न समाजों के सामूहिक मिलन समारोह हुए। वही स्लीमनाबाद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक एक-दूसरे के घर जाकर लोगों ने दीपावली की शुभकामनाएं देकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। नए वस्त्र धारण कर महिलाएं- पुरूष, युवक-युवतियां बधाई व शुभकामना व उपहार, मिठाई भेंट करने के लिए देर रात तक सड़कों पर आते-जाते रहे। दिपावली पर भाईदूज पर्व को लेकर वाट्सअप, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया के जरिए भी बधाईयां देने का क्रम जारी रहा।

### जमीन विवाद पर हुई जमकर मारपीट, राड व लाठी से हमला

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर एक महिला व पुरुष पर हुए हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार निवार चौकी ग्राम क्षेत्र टेढी में बीती 22 अक्टूबर की शाम को विवाद के दौरान महिला फूला बाई और उनके भाई गोविन्द गुनिया एवं परिवार पर आरोपियों राजेश सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर, अमेले ठाकुर सहित उनके परिजनों ने मिलकर हमला कर दिया। घायल महिला फूला बाई ने बताया कि उक्त सभी लोग उनके घर में जबरदस्ती घुसने का प्रयास कर रहे थे। जब उन्होंने गेट बंद कर विरोध किया तो आरोपियों ने गेट के बाहर से ईंट-पत्थर फेंककर हमला किया। इसके बाद वे जबरदस्ती घर के अंदर घुस आए और दुकान में रखे रुपये भी छीन लिए। महिला ने बताया कि हमलावरों ने डी.जे. का सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया और लोहे की रॉड व लाठी से हमला कर उन्हें और भाई गोविन्द गुनिया को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही निवार चौकी पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फैशन डिजाइनिंग आधारित स्टार्टअप प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से

**कटनी।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा युवाओं को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में स्टार्टअप, उद्योग, और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अक्टूबर से महिला पॉलीटेक्निक के सहयोग से भोपाल में निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा जिससे वे अपने स्टार्टअप को प्रभावी ढंग से शुरू और संचालित कर सकें। प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदक की योग्यता विज्ञान या इंजीनियरिंग में स्नातक, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा या पीजीडीसीए होना अनिवार्य है। आवेदक की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है।महिलाओं को आयु में विशेष छूट दी जाएगी। इच्छुक युवक और युवतियां 28 अक्टूबर तक मेपकास्ट की आधिकारिक वेबसाइट www.mpcost.gov.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

---

एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिस कर्मियों का जाना हाल चाल, एसडीओपी ने पुलिस बल के साथ संभाला मोर्चा

# थाना में घुसकर पुलिस पर हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बाकल थाना क्षेत्र में बुधवार की रात 12 बजे भारी बवाल हुआ। दोपहर में जहां करणी सेना के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मारपीट के मामले में कड़ी कार्रवाई न करने पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्काजाम किया था वहीं रात में थाने में ही विवाद हो गया। पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों ने थाने में घुसकर मारपीट की जिससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस वारदात में 5 ग्रामीणों के खिलाफ नामजद एफआईआर की गई है। वहीं ग्रामीणों ने इसे पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई बताया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे सिर्फ शिकायत लेकर पहुंचे थे और पुलिस ने उन्हें ही आरोपी बना दिया। घटना में घायल दो पुलिसकर्मी में से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मी का हाल जाना। पुलिस कार्रवाई के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। विवाद के बाद रात 12 बजे ही स्लीमनाबाद, उमरियापान, बहोरीबंद व पुलिस लाइन से बल बाकल भेजा गया और तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया। बहरहाल गुरुवार सुबह से ही गांव में शांत माहौल है।







प्रदर्शन व विरोध की आशंका को देखते हुए बल लगाया गया है।

### अचानक लोगों की भीड़ आई और पुलिसकर्मियों को मारा

स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि बीती रात करीब 30 से 40 लोग बाकल थाना परिसर में पहुंच गए और पुलिस पर दबाव बनाने लगे। पुलिसकर्मियों ने जब विवाद कर रहे लोगों को रोका तो भीड़ ने उनपर हमला कर दिया। हमले में प्रधान आरक्षक कृष्णकुमार शुक्ला व अवधेश मिश्रा को चोटें आई हैं। कृष्णकुमार शुक्ला को प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मामले में प्रधान आरक्षक अवधेश की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

पुलिस ने भास्कर राजपूत, शक्तिसिंह राजपूत, संतोष विश्वकर्मा, निखिल ताम्रकार व अन्य के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, थाना परिसर में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### ग्रामीणों ने बताई यह घटना

ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में हुए प्रदर्शन के बाद रात में बहोरीबंद निवासी शमीम खान नामक युवक बाकल निवासी लक्की सोनी के मोबाइल पर फोन कर प्रदर्शन में शामिल युवाओं को फोन कर गाली-गलौज कर रहा था। इसकी शिकायत लेकर लक्की सोनी सहित अन्य युवा बाकल थाना पहुंचे थे। लक्की की शिकायत पर पुलिस ने शमीम पर एफआईआर दर्ज की। आरोप है कि एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिसकर्मी दोपहर में हुए प्रदर्शन से नाराज थे और प्रदर्शन में शामिल युवाओं को ही टारगेट करते हुए थाना परिसर में मौजदूगी होने पर आरोपी बना दिया जबकि थाने में किसी तरह का विवाद हुआ ही नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी बनाए गए सभी लोग थाने के 100 मीटर के दायरे में ही निवासरत है और दोपहर में ये सभी प्रदर्शन में शामिल थे।

### पूरे मामले पर एक नजर

जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को बाकल थाना क्षेत्र के निवासी कुणाल राजपूत पिता विजय सिंह 22 के साथ दो युवक आशिम खान और आमिल खान ने किसी बात को लेकर विवाद कर उसे घर से बाहर बुलाकर खेत में ले जाकर बुरी तरह मारपीट की। युवक को गंभीर तरीके से यातनाएं दीं। इतना ही नहीं कट्टे व चाकू की नोक पर जमकर डराया धमकाया। आहत युवक की शिकायत पर परिजनों ने पुलिस थाना बाकल में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सामान्य धाराएं धारा 296, 115(2), 351(2) और 225 के तहत मामला दर्ज किया। जबकि युवक को जबरदस्ती ले जाया गया, कठोर यातनाएं दी गईं, लेकिन बाकल पुलिस ने आरोपियों पर सख्ती नहीं दिखाई, जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ती नजर आई। इस पर करणी सेना ने बुधवार को बाकल मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सूर्यपाल सिंह सोलंकी और अन्य पदाधिकारियों ने सडक़ पर टायर जलाकर नारेबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने धाराएं बढ़ाई थीं और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### हालात काबू करने भारी पुलिस बल रहा तैनात

बुधवार को पहले विरोध प्रदर्शन फिर रात मैं पुलिस को ऊपर हमला से उपजे तनाव पूर्ण स्थिति को संभालने गुरुवार को एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला!पुलिस टीम की कमान संभाले एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी एवं निरीक्षक आशीष शर्मा, निरीक्षक अखिलेश दहिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी और जवान वहां डटे रहे। गत रात्री भी तनाव पूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस के पेट्रोलिग वाहन पूरे बाकल क्षेत्र में लगातार सायरन बजाते हुए भ्रमण करते रहे।

फिलहाल बाकल में स्थिति सामान्य होने के लिए अग्रसर है। एहतियात के तौर पर अभी भी बाकल में पुलिस की टीमें तैनात हैं और हर परिस्थिति पर नजर बनाए हुए है।

---

चोरी के मामले में युवक को पकड़ने गई पुलिस ने दिखाई बर्बरता

# बरही थाना के एएसआई पर महिला के साथ बेरहमीपूर्वक मारपीट करने के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही पुलिस पर एक महिला से मारपीट करने के आरोप लगे हैं। मारपीट में आहत हुई महिला को उसके परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि चोरी के एक मामले में पुलिस जब आरोपित को पकड़ने ग्राम पथरहटा पहुंची तो आरोपित की भाभी ने कहा कि उसे कपड़े पहन लेने दो इस पर पुलिस ने बेरहमी से महिला के साथ मारपीट कर दिया।

जानकारी अनुसार बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरहटा निवासी सुशीला यादव पति रामदास यादव



26 वर्ष के साथ बरही थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक दिनेश गौतम पर मारपीट के आरोप लगाए गए है। पीड़ित महिला ने बताया कि जुलाई माह में गांव की ही एक विश्वकर्मा परिवार की महिला के घर में चोरी हुई थी। इस मामले में सुशीला यादव के देवर पर प्रकरण दर्ज हुआ था। इसके कुछ दिनों बाद विश्वकर्मा परिवार द्वारा शपथ पत्र दिया गया कि जो सामान चोरी हुआ था वह घर में ही दूसरी आलमारी में रखा हुआ मिला गया है और हम कोई कार्यवाही नहीं चाहते हैं।

मामले के तीन माह बाद दीपावली के समय सहायक उपनिरीक्षक दिनेश गौतम अपने सहकर्मियों के साथ पथरहटा पहुंचे और चोरी के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। जब सुशीला यादव ने इस बात का विरोध करते हुए यह कहा कि युवक को कपड़े तो पहन लेने दो तो एएसआई भड़क उठा और महिला की बेरहमीपूर्वक पिटाई कर दी। दर्द से कराहती महिला को लेकर उसके परिजन तत्काल सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ पहुंचे जहां उसे भर्ती कराया गया। महिला के ससुर आनंदराम यादव द्वारा पूरे मामले की जानकारी दी गई।

---

## रंग बिरंगे परिधानों में अहीरों ने दी दिवारी नृत्य की प्रस्तुति



दीपावली के साथ ही ग्रामीण अंचलों में अहीरों के दिवारी नृत्य की छठा गांव –गांव देखने को मिल रही है। बहोरीबंद विकासखण्ड के ग्राम महंगवा में बुधवार को पारंपरिक दिवारी नृत्य का कार्यक्रम किया गया। अहीरों के द्वारा रंग–बिरंगे परिधान पहनकर दिवारी नृत्य किया जिसमे तुलसी बिरबा बाग में सींचत मैं कुम्हलाय,राम भरोसे जे रहे ,पर्वत मैं हरिहाय ।राम नाम सब कोई कहे दसरथ कहे न कोय, एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय ।इस प्रकार की सुमधुर चौपाइयों की टेर,मादल की थाप से ग्वालों ने दिवाली नृत्य की प्रस्तुति दी ।इस मौके पर पहले गौ वंश की रक्षा व गांव की खुशहाली के लिए गौरैया बाबा का पूजन किया ।एक दिन पहले छाहुर से घर घर जाकर लोगो को जगाया गया ।वही गौवंश की रक्षा के लिए विशेष पूजन किया गया। इस दौरान हेमराज यादव, राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, उदय यादव,कृष्णा यादव,राम बरन पटेल,प्रकाश राजपाल,चेनु पटेल, गुल्ले यादव,सतेंद्र यादव,आशीष यादव,कमलेश यादव,राजेश राजपाल, रमेश पांडे आदि मौजूद रहे।

---

# बजरंग गौशाला में की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग कटनी के निर्देशन में बड़वारा ब्लॉक के पठरा गांव में संचालित बजरंग गौशाला में मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रवि कटारिया के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुश्री सिमरनप्रीत कौर के मुख्य अतिथि एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़वारा सुश्री प्रभा तेकाम के विशिष्ट अतिथि में गोवर्धन की पूजा विधि विधान से कराया गया। इसके पश्चात गौ माता की पूजा हुई, गौग्रास एवं फलाहार का आहार कराकर पूजन कार्य संपन्न हुआ।ब्रजमोहन यादव के साथ ग्वालों की टीम ने अपनी दिवारी की नृत्य कला का प्रदर्शन



कर लोगों का मन मोह लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम, सहायक यंत्री बड़वारा श्रीमती लखेरा मैडम, बीपीओ उदयभान दाहिया, एपीओ श्री परिहार पंचायत स्पेक्टर तिवारी जी, ग्राम पंचायत पठरा सरपंच अशोक सिंह, सचिव नत्थू सिंह, रोजगार सहायक सुशील कुशवाहा, समाजसेवी विकास यादव एवं सुरेश विश्वकर्मा, अमाडी सरपंच रामलाल सिंह ब्लॉक स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी के साथ ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया। मानव जीवन विकास समिति कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरी, ओमप्रकाश यादव, चंद्रपाल कुशवाहा के साथ समस्त टीम का विशेष सहयोग रहा।।

---

बांधा राधाकृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया अन्नकूट महोत्सव

# 31 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाया लघु वृन्दावन धाम, भगवान को लगाए 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज में दीपोत्सव पर्व भव्य रूप से मनाया गया। साथ ही बुधवार को अन्नकूट महोत्सव भव्यता के साथ मना।दीपो की रोशनी से लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज जगमगा उठा। आतिशबाजी से गगन मैं सतरंगी छठा बिखेरी। श्री राधाकृष्ण मंदिर लघुवृंदावन धाम बांधा 31 हजार दीपों की रोशनी से बुधवार को जगमगा उठा।भगवान मुरलीमनोहर जी को विद्वान आचार्य पं रजनीश शास्त्री की उपस्थिति में भगवान के गर्भगृह में इक्कीस दीपो को अर्पित करने के पश्चात सेवकों तथा क्षेत्र से पधारे भक्तों के द्वारा इक्तीस हजार दीप प्रज्वलित कर भेंट किए गए। उस समय ऐसा नजारा था मानो लघु



वृंदावन धाम बांधा मंदिर अवध की रोशनी से स्नान कर रहा है, इस परम आनंदमय स्वरूप के दर्शन से उपस्थित जनसमूह के नेत्र सजल हो गए। ग्राम पौड़ी तथा कुम्हवारा के गोप ग्वालो के द्वारा ग्वाल नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे ब्रजधाम की अनुभूति हुई।

आचार्य रजनीश शास्त्री के प्रवचनों के साथ निशा एवं पूजा मिश्रा के सुंदर भजन हुये!साथ ही भगवान श्रीकृष्ण जी के गिरी स्वरूप गिरिराज,गोवर्धन जी का पूजन किया।जिसमें गोवर्धन पर्वत को दूध, दही,केशर,घृत,इत्र आदि द्रव्यों से पूजा की गई व छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया।

अन्नकूट महोत्सव पर श्री गोवर्धन महाराज ,गिरिराज थारे माथे मुकुट विराज रहा भजन से परिसर गुंजायमान हो उठा।साथ ही सुंदर भजन संकीर्तन को प्रस्तुति हुई!सायं 8 बजे भगवान मुरलीमनोहर, आदि शक्ति मां गायत्री, भगवान भोलेनाथ जी की भव्य दीप महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भगवान दास माहेश्वरी ,बीएम तिवारी, अभिलाष दीक्षित, दौलत मेहानी, कैलाश बगड़िया सहित अनेक विशिष्ट जनों का मंदिर परिवार के नवनीत चतुर्वेदी ,महेश पाठक, सीताराम मिश्रा ,मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, ओमप्रकाश दुबे आदि के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया!इस दौरान बड़ी संख्या मे भक्तों की उपस्थिति रही।

---

आवास हेतु ऋण प्रदान करने की होगी कार्यवाही

# पांच दिवसीय आवास मेले का आयोजन 27 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रेम नगर-खिरहनी के ई.डब्ल्यू.एस. आवासो के हितग्राहियों से योजनांतर्गत अंशदान ऋण स्वीकृत करने के संबध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक नगर निगम कार्यालय परिसर एवं टी.सी. बजान. स्कूल, जोन कार्यालय 04 में आवास मेले का आयोजन किया जा जा रहा है। इस आवास मेले मे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक हितग्राही अंशदान की राशि 1.80 लाख का ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी।

निगम प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत ई.डब्ल्यू.एस. हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि आवास मेले में अनिवार्यतः उपस्थित होकर पात्रता के आधार दस्तावेजीय पूर्ति कराते हुये हितग्राही अंशदान की राशि ऋण प्राप्त करने की कार्यवाही कर आयोजित मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि नागरिक प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के आई.एस.एस.-इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम घटक अंतर्गत (ई.डब्ल्यू.एस. परिवार की वार्षिक आय राशि रू. 3 लाख तक), एल.आई.जी. (परिवार की वार्षिक आय राशि रू. 3-6 लाख) एवं एम.आई.जी (परिवार की वार्षिक आय राशि रू. 6-9 लाख) वर्ग के पात्र हितग्राही आवास क्रय, निर्माण करने के लिये गृह ऋण पर ब्याज सब्सिडी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

योजना के लाभ हेतु आवेदक का भारत में कही भी स्वयं के नाम पर या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर पक्का आवास ना हो,आवेदक के परिवार में पति, पत्नी, अविवाहित बेटे अथवा अविवाहित बेटिया सम्मिलित होगी, अविवाहित बेटे, बेटियों को पृथक से लाभ प्रदान नहीं किया जा सकता, जिन आवेदकों द्वारा शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में 20 वर्षों में किसी भी आवास योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया गया है, वे पी.एम.ए. वाय.- यू 2.0 के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होगें।

### आवश्यक दस्तावेज

आवश्यक दस्तावेज के रूप में आवेदक तथा आवेदक के परिवार के सदस्यों (माता, पिता, पति, पत्नी, अविवाहित पुत्र, पुत्री) के आधार क्रमांक,आवेदक का पी.ए.एन. क्रमांक, आवेदक के परिवार की आय का सेल्फ-डिक्लेरेशन, आवेदन हेतु योजना के दिशा-निर्देश के एनेक्जर-3 अनुसार निर्धारित सर्वेक्षण फॉर्म की संपूर्ण जानकारी एवं आई.एस.एस घटक हेतु निर्धारित एनेक्जर-2 सी अनुसार सेल्फ अंडरटेकिंग की यूनिफाइड बेव पोर्टल पर स्वीकृति अनिवार्य होगी।

---

# 17 जुआरी गिरफ्तार, 42 हजार नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अलग अलग स्थानों में सज जुआफड़ों में पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बरही पुलिस ने दो जुआफड़ों में दबिश देकर 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआरियों से 42,010/- रुपए नगद, 09 टच स्क्रीन मोबाइल एवं तीन मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के नेतृत्व में की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में



गुरूवार को बरही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरियाकला में अवैध रूप से जुआ खेल रहे 09 जुआरियों से कुल जुमला रकम 5,510/– एवम तीन मोटर साइकिल कीमती करीबन 200,000/– रुपएएवम 04 टच स्क्रीन मोबाइल फोन कीमती करीबन 50,000/– रुपए कुल मशरूका 255510/–रुपए एवं ग्राम छीदिया टोला में अवैध रूप से जुआ खेल रहे 08 जुआरियों से कुल जुमला रकम 36,500/– एवं 05 नग मोबाइल फोन कीमती करीबन 50,000 रुपए कुल मशरूका 86,500 /– रूपए मुखबिर की सूचना पर से बरही पुलिस ने दो टीम बनाकर छापेमारी कर 17 जुआरियों से 3,42,010 का मसरुका जप्त किया गया है।

कार्रवाई में एसआई शैलेंद्र सिंह सेंगर, सउनि दिनेश सिंह बघेल, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, आर जगत सिंह, वाहन चालक संजय पांडे की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**



## भक्ति भाव से महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव मनाया

**कटनी।** दिग.जैन समाज पंचायत के तत्वाधान में झंडा बाजार स्थित बड़े जैन मंदिर जी में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प.पू. पदम सागर जी महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि आज से 2552 वर्ष पूर्व कार्तिक अमावश्या को बिहार के पवापुरी में भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। मुनिश्री आगे कहा कि यह पूर्व आत्म शुद्धि त्याग शुद्धि और भगवान महावीर के उपदेशों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है और जैन धर्मालम्बि इस दिन दीपक जलाकर उनके ज्ञान रूपी प्रकाश को याद करते है। इसलिए हम सभी इस दिन को निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाते है। इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिग.जैन पंचायती मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन मंदिर, पार्श्वनाथ दिग.कांच पंचायती मंदिर, शांतिनाथ दिग.जैन मंदिर, पार्श्वनाथ हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, चन्द्रप्रभ दिग.जैन बंगला मंदिर , मुनिसुव्रत नाथ दिग.जैन (गौशाला) मंदिर,चेतनोदय तीर्थ स्थित समोशरण मंदिर, नंदीश्वर जिनालय मुनिसुरवत नाथ बड़े मंदिर एवं महावीर कीर्ति स्तंभ में विराजमान श्रीजी की मूर्ति के अभिषेक के साथ शहर के सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और धर्मिक अनुष्ठान हुये धर्मानुरागी बन्धुओं माताओं बहनों ने भक्ति भाव के साथ निर्वाण चढ़ाये गये।

## राशन वितरण की धीमी गति पर जताई नाराज़गी

**कटनी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में अक्टूबर माह के खाद्यान्न वितरण की धीमी गति पर जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को सख्त निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि अब तक जिले का वितरण प्रतिशत मात्र 51 प्रतिशत है। इस बेहद कम प्रतिशत पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अप्रसन्नता व्यक्त की है तथा 31 अक्टूबर के पूर्व वितरण पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री परिहार ने सभी उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम कटनी से अक्टूबर माह की वितरण सामग्री प्राप्त हो चुकी है, उसे तत्काल पीओएस मशीन में रिसीव कर 31 अक्टूबर से पूर्व शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। इसके बाद वितरण की अवधि में वृद्धि नहीं की जायेगी।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव

**कटनी।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है।

### कलेक्टर ने धान उपार्जन कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# दलालों और बिचौलियों पर रखें पैनी नजर, उड़न दस्ता दल एवं नोडल अधिकारियों की करें तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में दिसंबर माह से समर्थन मूल्य पर संभावित धान उपार्जन कार्य, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता तथा मजबूत निगरानी तंत्र की देखरेख में सुनिश्चित किया जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान उपार्जन में दलालों-बिचौलियों और व्यापारियों पर पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने इसके लिये उड़नदस्ता दल गठित करने और प्रत्येक खरीदी केन्द्र के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने की हिदायत दी।

### अधिकारियों को दी हिदायत, किसानों को न हो असुविधा

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संभावित उपार्जन केन्द्रों का आकलन करें। गोदामों की मैपिंग करें और फिर गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों की सूची तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को दो-टूक लहजे में हिदायत दी कि उपार्जन केन्द्र इस प्रकार बनाये जायें कि किसानों को अपने खून-पसीनें की मेहनत से पैदा की गई धान की उपज को बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा और परेशानी न हो।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने 1 हजार मीट्रिक टन या उससे अधिक रिक्त क्षमता वाले गोदामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रबंधक म.प्र. वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन को दिये। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन गोदामों में उपार्जन केन्द्र स्थापित किये जाने हैं, वहां चावल का भण्डारण न कराया जाये। इसे सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रबंधक म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को आदेशित किया गया। साथ ही मंडी सचिव एवं उपसंचालक कृषि को निर्देश दिये गये कि मंडी में होने वाली धान की आवक तथा व्यापारियों के पास उपलब्ध धान के स्टॉक की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। ताकि उपार्जन केन्द्रों में धान की रिसायक्लिंग को रोका जा सके।

### उर्वरक उपलब्धता की ली जानकारी

कलेक्टर श्री तिवारी ने रबी की फसल और मुख्यतः गेहूँ की बुवाई शुरू होने के बाद इसके लिये जरूरी उर्वरकों का आकलन और उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की। बताया गया कि जिले में आगामी माहों में होने वाली फसलों की बुवाई के नजरिये से जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। उपसंचालक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 4 हजार 354 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। जबकि 5 हजार 629 मीट्रिक टन डीएपी तथा 3 हजार 204 मीट्रिक टन एनपीकेएस तथा 10 हजार 671 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। कलेक्टर श्री तिवारी ने उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, गुणवत्ताहीन उर्वरक बिक्री करने वाले और अवैध परिवहनकर्ताओं सहित इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत एफआईआर कराने जैसी कार्रवाई के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने धोखाधड़ी में लिप्त खाद विक्रेताओं का लायसेंस निलंबित करने जैसी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

### मझगवां में नकद विक्रय केन्द्र शुरू

बड़वारा अंचल के किसानों की सुविधा के लिये मझगवां में डबल लॉक का एक उर्वरक नगद विक्रय केंद्र शुरू किया गया है। कृषक यहां से भी नगद में उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

### नापतौल निरीक्षक करें कार्यवाही

कलेक्टर ने निरीक्षक नापतौल को विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 अंतर्गत कार्यवाही के प्रावधानों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ विगत वर्षों में धर्मकांटों में तौल सम्बंधी हुई व्यापक गड़बड़ियों की जानकारी जिला उपार्जन समिति द्वारा दिये जाने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने नापतौल निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस बार ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें जिससे व्यवस्था में सुधार लाया जा सके।

बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार, उपसंचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक देवेन्द्र तिवारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक श्री सेंगर, जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय, नापतौल निरीक्षक माजिद खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए 11 पंजीयन एवं उपार्जन केन्द्र बने

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसान भाइयों से आग्रह किया है कि वे असुविधा से बचने,अंतिम तिथि के पहले ही 24 अक्टूबर तक अपना पंजीयन अवश्य करवा लेंवे। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए 11 पंजीयन केन्द्र बनाए हैं। जिले में 11 पंजीयन केन्द्रों यथा बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकॅला, झिन्ना पिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद तथा विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### 2836 हेक्टेयर में खेती

जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो -कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है।

*स्लीमनाबाद, बहोरीबंद में सामूहिक रूप से हुआ आरती एवं पूजन*

# भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर जैन मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्वाण महोत्सव दीपावली पर्व पर उत्साह पूर्वक मनाया गया। बुधवार को स्लीमनाबाद, तेवरी,बहोरीबंद व बाकल के पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिरों मैं विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।स्लीमनाबाद स्थित पाश्रवनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे निर्माण महोत्सव के अवसर पर प्रातः मंदिर में मूलनायक भगवान महावीर का मस्तिकाभिषेक शांतिधारा पूजन निर्माणकांड तथा निर्वाण लाडू चढ़ाए गए ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने उपस्थित होकर सामूहिक संगीतमय पूजन आरती आदि के कार्यक्रम सानंद संपन्न किए गए( कार्यक्रम सकल जैन समाज की उपस्थिति मे सम्पन्न किये गये। इस दौरान अध्यक्ष श्रेयांश जैन, निर्मलचंद्र जैन, प्रदीप जैन, संजय जैन,आकेश जैन, मयूर जैन,बबला जैन,पप्पू जैन, नीशू जैन सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति रही।

तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वां निर्माण महोत्सव बाकल में भी उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया!इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की में प्रातः अभिषेक पूजन शांतिधारा भगवान महावीर स्वामी का भक्ति संगीत मय पूजन निर्माणकांड सामूहिक आरती एवं निर्माण लाडू चढ़ाये गए( दोपहर मे दीपावली पूजन,सायं संध्या आरती भक्ताम्बर पाठ आदि के कार्यकम देखे गये।

इस दौरान समाज अध्यक्ष जीवनधर मोदी, नरेंद्र सिंघई, डा सुबोध मोदी, सौरभ साहूकार, अशोक सिघई, वीरेन्द्र सिंघई, मनोज मोदी,अजय अहिंसा,सुरेंद्र सिंघई, संजय मोदी, संजय सिंघई, पवन मोदी, राजेंद्र सिंघई, अनिल मोदी,आनंद जैन, विवेक जैन, अभिनव जैन,विनीत सिंघई, राजेन्द्र जैन,नरेश जैन,कैलाश चंद जैन सहित महिला मंडल युवा मंडल की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

दिगंबर आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से देश भर में संचालित उपक्रमों की रंगोली मैं बाकल की रंगोली खूब सराही गई जिसमें पूर्ण प्रतिभाशाली हथकरघा गौशाला गुरुकुल पद्धति भाग्योदय को रेखांकित रंगोली गाथा मोदी दर्शिका मोदी हारा बनाई गई।

## बहनों ने भाईयों को तिलक लगाकर दीर्घायु होने की कामना



बड़वारा नगर में भाई दूज का पर्व बहनों ने बड़े ही उल्लास व आस्था के साथ मनाया। बहनों ने थाली में रोली तिलक मीठा सजाकर अपने अपने भाइयों के माथे ललाट में तिलक लगाकर भाइयों की आरती उतारकर प्रेम स्नेह पूर्वक भाई दूज मनाया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मीठा खिलाकर भाइयों की लंबी दीर्घ जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किये ।कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाते हैं। भाई दूज हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। रक्षाबंधन की तरह ही यह त्योहार भी भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हैं। विवाहित बहनें अपने भाइयों को घर आमंत्रित करती हैं, उन्हें सूखा नारियल भेंट करती हैं और स्नेहपूर्वक भोजन कराती हैं। ऐसा माना जाता है कि भाई दूज के दिन बहन के घर जाकर भोजन करने से भाई की आयु बढ़ती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

# युवक के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम हथियागढ मे विगत 21 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे कमलेश चौधरी को छाहुर घुमाने से मना करते हुए उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दिया। इस मामले में बहोरीबंद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया की दिवाली पर्व पर कमलेश लाठी में छाहुर बांधकर घुमाने का काम करता है जिसे गाव के पुष्पेन्द्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, गोला उर्फ ज्ञानी विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा, टट्टू ठाकुर उर्फ बृजभान सिह ने विवाद करते हुये छाहौर घुमाने से मना करते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर उसके साथ मारपीट की। कमलेश चौधरी की रिपोर्ट पर बहोरीबंद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएसएस 3(2) va 3(1) द, 3(1) ध एससी /एसटीएक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एव अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया व स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया व्दारा मामले की गंभीरता को देखते हुये, पुलिस टीम के साथ मामले के आरोपियो पुष्पेन्द्र ठाकुर पिता मंगल सिह ठाकुर ( राजपूत) उम्र 28 वर्ष, राहुल ठाकुर उर्फ देवेन्द्र सिह ठाकुर पिता बृजभान सिह ठाकुर (राजपूत) उम्र 52 वर्ष, टट्टू उर्फ बृजभान सिह पिता लल्ला सिह ठाकुर ( राजपूत) उम्र 58 वर्ष एवं गोला उर्फ ज्ञानी विश्वकर्मा पिता सुखचैन विश्वकर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी हथियागढ बहोरीबंद, सचिन पिता कृष्ण कुमार विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष सभी निवासी हथियागढ को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई।

जुर्म करना स्वीकार करने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी में पेश किया गया जहां से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, सउनि. अनुराग पाठक, प्र.आर. भोलाराम गुप्ता, आर. कोमल सिह, अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिह, बृजेश सिह की सराहयनीय भूमिका रही।

*निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश*

# पहले सफाई व्यवस्था करें दुरूस्त, बाद में करें स्पॉट फाइन, समन्वय से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की सफाई व्यवस्था तभी दुरुस्त होगी जब प्रत्येक वार्ड में तय प्लानिंग के साथ सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई की जाए। वर्तमान में नगर में की जा रही सफाई व्यवस्था मे काफी सुधार की आवश्यकता है। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था मेरी प्राथमिकता में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उक्त आशय के निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी - कर्मचारियों को दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा सफाई कार्य में संलग्न कुल कर्मचारियों की संख्या एवं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने में आ रही समस्याओं की जानकारी वार्ड दरोगा से एक-एक कर ली तथा एमएसडब्ल्यू प्रबंधन एवं नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने नगर के शत-प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरे का संग्रहण निर्धारित समय पर करने, कचरा वाहन नहीं आने की दिशा में अवगत कराने, तथा एम एस डब्ल्यू के सुपरवाइजर को वार्डों का भ्रमण करने के निर्देश देते हुए किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर बिलों में कटौती किए जाने की हिदायत दी। वहीं निगमायुक्त ने वार्डवार पूर्व में आवंटित एवं मरम्मत योग्य व आवश्यकता अनुरूप नवीन हाथ ठेलों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नगर में संचालित डेयरी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिए।

निगमायुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने वालों पर किए जाने वाले स्पॉट फाइन की प्रक्रिया से अवगत होते हुए निर्देशित किया कि पहले वार्डवार सड़कों एवं नालियों की सुचारू सफाई हेतु प्लानिंग तैयार कर उसपर अमल करते हुए सफाई कर्मचारियों के माध्यम से व्यवस्था दुरुस्त करावें। इसी तरह मार्केट एरिया की भी व्यवस्थित सफाई हेतु सतत निगरानी करने एवं रात्रिकालीन कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से दुकानों से निकलनें वाला कचरा एकत्रित कर नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनें के उपरांत ही गंदगी फैलानें वालों पर स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए।

### महापौर श्रीमती सूरी की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आयोजित

# प्रस्तावों को स्वीकृति हेतु परिषद बैठक के समक्ष रखे जाने सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर पालिक निगम कार्यालय में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत अनुशंसा प्रदान करते हुए प्रस्तुत प्रस्तावों को परिषद बैठक के समक्ष स्वीकृति हेतु रखने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुरेन्द्र गुप्ता, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, तुलसा गुलाब बेन, सहित निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जी.एस.टी. 2.0 रिफार्म के समर्थन एवं धन्यवाद के प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहायक लेखापाल श्रीकांत तिवारी द्वारा बताया गया कि हाल ही में केंद्र सरकार के नेतृत्व में वस्तु एवं सेवा कर जी.एस.टी की दरों में ऐतिहासिक बदलाव कर आमजन, व्यापारियों, एवं उद्योगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। इस जनहितैषी निर्णय ने देश को एक राष्ट्र एक कर एक बाजार की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है। पारदर्शी और सरल कर प्रणाली से आर्थिक गतिविधियों में तीव्रता आई है तथा इससे राज्यों और नगरीय निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इस संकल्प में मध्य प्रदेश के नगर निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगरीय निकाय न केवल नागरिक सुविधाओं के संवाहक हैं बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले अग्रिम स्तंभ भी हैं।

प्रस्तुत प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा एक समृद्ध, स्थिर और उत्तरदायी भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर इन ऐतिहासिक कार्य का समर्थन करते हुए वस्तु एवं सेवा कर की दरों में ऐतिहासिक कमी हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर एकमतेन होकर प्रस्ताव की अनुशंसा की गई तथा स्वीकृति हेतु निगम परिषद की बैठक के समक्ष रखे जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

वहीं बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव कमांक 2 आत्मनिर्भर भारत संकल्प के संबंध में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं सिटी मिशन मैनेजर ने बताया कि शासन निर्देशानुसार भारत सरकार की डे एन यू एल एम योजनान्तर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का गठन कर महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जैसे खादी वस्त्र का निर्माण एवं विक्रय, आर्टिफिसियल ज्वैलरी निर्माण, आचार पापड़, बरी निर्माण एवं विक्रय, मसाले निर्माण पैकिंग एवं विक्रय, बास के बर्तन निर्माण विक्रय आदि कार्यों से जोडकर स्वदेशी अपनाने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता बल्कि स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होता है जिससे आत्मनिर्भर निकाय की दशा में महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध होगा। बैठक में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रस्तुत उक्त महत्वपूर्ण प्रस्ताव का भी सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन करते हुए स्वीकृति हेतु परिषद के समक्ष प्रस्तुत करनें का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अनुमति से नगर की सुगम आवागमन हेतु विभिन्न मार्गो के गढडों की फिलिंग, आगामी शीत ऋतु हेतु अलाव व्यवस्था, अधोसंरचा सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो, सफाई व्यवस्था, सीवर लाईन विस्तार उपरांत सड़कों के रेस्टोरेशन कार्य सहित स्वसहायता समूहों की जानकारी, आवारा मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसपर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन विषयों पर त्वरित कार्यवाही करनें हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# कलेक्ट्रेट एवं जिपं परिसर में जुलूस, आम सभा एवं नारेबाजी पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नीलांबर मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है।

इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### अखिल भारतीय बाघ एवं अन्य वन्य प्राणियों का आंकलन 2026 में भाग लेने हेतु स्वयंसेवको को आमंत्रण

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में अखिल भारतीय बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों का आंकलन (फेज-1 डाटा कलेक्शन) दिनांक 01 दिसम्बर से 07 दिसम्बर 2025 की अवधि में आयोजित किया जाना निश्चित है। इस प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एवं बाघ संरक्षण में आमजन की सहभागिता की दृष्टि से सीमित संख्या में स्वयं सेवको को सम्मिलित किया जाना है। इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक स्वयंसेवको/अशासकीय संस्था व व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है। जो निम्न ई-मेल अथवा उपरोक्त पते पर अपने सादा आवेदन के साथ अपने संस्था की विशिष्टता के बारे में आवश्यक जानकारी के साथ दिनांक 15.11.2025 को सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आवश्यक अनुमति से सूचित कर अन्तिम रूप से चयनित स्वयंसेवको को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जावेगा जिसकी पृथक से सूचना प्रदाय की जावेगी। तथा उसी दिन मैदानी स्तर पर आंकलन कार्य हेतु भेजा जावेगा।

### दीपोत्सव का आयोजन अब एक नवम्बर को

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर वृहद स्तरीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में यह कार्यक्रम 5 नवम्बर को प्रस्तावित था, लेकिन अब दीपोत्सव कार्यक्रम एक नवम्बर को पूर्व निर्धारित स्थल पर होगा। इसमें जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान कार्यक्रम होगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों के माध्यम से रंगोली निर्माण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। घाट पर 11 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। बटुकों द्वारा आरती की जाएगी। इसके अलावा भगवान श्री रामचंद्र जी की रंगोली निर्माण सहित श्री रामचंद्र पर केन्द्रित भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी को दीपोत्सव कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध घायल

**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज कटनी पवई सड़क मार्ग पर वीती देर रात कुदरा मोड पर एक तेज मिनी ट्रक चालक ने लापरवाही से अपना वाहन चलाते हुए एक ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार कई यात्री घायल हो गए और एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया और चालक मोके से ट्रक लेकर भाग गया घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध भगवत दीन कुशवाहा पिता भोला प्रसाद कुशवाहा उम्र 90 वर्ष निवासी टपरियन पुलिस थाना अमानगंज जिला पन्ना को गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु दाखिल कराया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

जबकि 'नमो उपवन' योजना से बदलने वाला है क्षेत्र का स्वरूप

# जंगल में बढ़ता कचरा और शराबखोरी बना चिंता का विषय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

वन परिक्षेत्र अंतर्गत खकरिया बीट के कक्ष क्रमांक पी.एफ.-169 में नगर वन योजना के अंतर्गत 35 से 40 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित हो रहा 'नमो उपवन' पार्क, एक तरफ जहाँ क्षेत्र के नागरिकों के लिए हरियाली, स्वास्थ्य और मनोरंजन की नई सौगात लेकर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर जंगल क्षेत्र में लगातार फेंका जा रहा कचरा और हो रही शराबखोरी वन की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। वर्तमान में खकरिया मार्ग पर नगर सीमा हटते ही जंगल में जगह-जगह पानी की खाली डिस्पोजल बोतलें, शराब की टूटी बोतलें और अन्य प्लास्टिक कचरा देखा जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही हैं, बल्कि स्थानीय वन्य जीवों के लिए भी खतरा पैदा कर रही हैं। यह स्थिति तब और भी चिंताजनक हो जाती है जब यही वन क्षेत्र आने वाले समय में एक आदर्श 'नगर वन' के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन की नगर वन योजना के तहत वर्ष 2025-26 में इस क्षेत्र को विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है, जिसमें दमोह और तेन्दूखेड़ा को चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कुल 40 हेक्टेयर में पार्क विकसित होगा, जिसमें 20हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा रहा है। 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक चलाए गए पखवाड़े के दौरान 'नमो उपवन' में वृहद पौधारोपण अभियान के साथ इसका शुभारंभ हो चुका है।

#### इस नगर वन में नागरिकों को मिलेगा


प्राकृतिक वातावरण में सैर-सपाटे की सुविधा मै ओपन जिम,पंचवटी क्षेत्र,स्मृति वन,नक्षत्र वन बच्चों के लिए खेल मैदान की उपलब्धता रहेगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल लोगों को प्रकृति से जोड़ना है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली को बढ़ावा देना भी है। बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर शुद्ध वायु, व्यायाम और मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध होगी।

#### इनका कहना है

वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांस जैन ने आमजन से अपील की है कि वे जंगल की स्वच्छता बनाए रखें और किसी भी प्रकार का कचरा या नशे की सामग्री जंगल में न फेंके ना ही जंगल में शराबखोरी करें। यह वन सभी नागरिकों की अमूल्य धरोहर है, जिसे मिलकर संजोना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर कोई भी व्यक्ति जंगल में शराबखोरी करते हुए पाया जाता ओर कचरा व प्लास्टिक व अन्य सामग्री तो वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## ब्यारमा नदी के बड़े घाट स्टॉप डेम के गेट बंद

गिरती जलधारा का मनोहारी दृश्य बना आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले की जीवनदायिनी ब्यारमा नदी इन दिनों अपने पूरे सौंदर्य पर है। बड़े घाट स्थित स्टॉप डेम के गेट बंद होने के बाद डेम के ऊपर से बहती जलधारा अब झरने का रूप ले चुकी है जो राहगीरों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है डेम के ऊपर से नीचे गिरती नीली जलधारा सूर्य की किरणों में चमकती हुई इंद्रधनुषी दृश्य प्रस्तुत कर रही है। गौरतलब है कि वर्षाकाल समाप्त होने के बाद बड़े घाट स्टॉप डेम के गेट खुले हुए थे लेकिन मामला कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद इसी सप्ताह विभागीय अधिकारियों द्वारा गेटों को बंद कराया गया इसके बाद से डेम में जलभराव बढ़ गया और गेटों के ऊपर से बहती जलधारा ने प्राकृतिक झरने का मनोरम रूप ले लिया। बनवार बांदकपुर मार्ग से गुजरने वाले लोग इस नयनाभिराम दृश्य को देखकर ठहर जाते हैं कई लोग यहां रुककर मोबाइल कैमरे से तस्वीरें और वीडियो बना रहे हैं जिससे यह स्थल इन दिनों सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बड़े घाट से गुजरती ब्यारमा नदी हमेशा से ही क्षेत्र की शान रही है लेकिन गेट बंद होने के बाद इसका दृश्य और भी मनोरम हो गया है अब यह स्थान पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य प्रेमियों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बन गया है।

## बागेश्वर धाम गौशाला मारूताल में कलेक्टर ने किया गोवर्धन पूजन



**दमोह।** दीपावली पर्व के उपरांत आज बागेश्वर धाम गौशाला मारूताल में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा पारंपरिक रीति-विधि से गोवर्धन पूजन किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की।

धार्मिक कार्यक्रम - अन्नकूट और परमा का पर्व मनाया

## दीपोत्सव के दूसरे दिन विधि-विधान से हुआ गोर्वधन पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

पांच दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को जिलेभर में गोवर्धन पूजा, अन्नकूट और परमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। परमा को जहां बाजार में सन्नाटा पसरा रहा तो वहीं घर-घर गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा घरों के बाहर गोबर से गोवर्धन की आकृतियां बनाकर भगवान का पूजन भक्तिभाव से किया गया। इसके अलावा दिवारी नृत्य का आयोजन भी शुरू हो गया। जगह-जगह गाय का पूजन भी किया गया। तेंदूखेड़ा नगर सहित ब्लॉक भर में बुंदेली परंपराओं की थाप देखने मिली। मान्यता अनुसार परमा के दिन गोबर से बने हुए पर्वत की विधिपूर्वक पूजा करने और भगवान कृष्ण को भोग लगाने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है और गाय की पूजा करने का भी विशेष महत्व होता है। मान्यताओं अनुसार गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से पूजा करने वाले व्यक्ति को इच्छानुसार फल भी मिलता है। ऐसा भी माना जाता है कि जो व्यक्ति गोवर्धन पूजा करता है, उसके धन और समृद्धि का लाभ होता है और परिवार में खुशहाली रहती है। कहा जाता है कि इस दिन विधि विधान से श सच्चे दिल से गोवर्धन भगवान की पूजा करने से सालभर भगवान श्री कृष्ण की कृपा बनी रहती है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में हुई गोर्वधन पूजन

वहीं तेन्दूखेड़ा ब्लॉक सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंगलवार को गोर्वधन पूजन किया गया जहां सुबह से ही महिलाओं व परिवार के सदस्यों द्वारा अपने घर के आंगन व छतों पर गोबर से गोवर्धन को बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई जहां तारादेही समनापुर धनगौर दरौली सारसबगली झलौन सैलबाड़ा विश्नाखेड़ी सर्रा ससना सहित विभिन्न ग्रामों में गोर्वधन पूजन किया गया।

## जनपद में वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों की मनमर्जी, कोई कार्यवाही नही उनके हिसाब से चल रहा विभाग

**पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया में वर्षों से पदस्थ कर्मचारियों की मनमर्जी से आमजन परेशान भले हो पर वह कार्यालय में अधिकारी के सामने अपने जिम्मेदार कर्मचारी होने की मंशा जरूर पूरी करते हैं विगत दिनों उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी इस बात का जिक्र किया गया है कि वर्षों से कर्मचारियों की एक ही जगह पदस्थापना है। यही प्रमोशन तक हो जाते हैं जिससे वह मनमर्जी करते रहते है। यही कारण है कि सब अधिकारी ऐसे कर्मचारियों की हां में हां मिलाते नजर आते हैं पथरिया का प्रभाव है कि अगर कोई कोई भी कर्मचारी पदस्थापना होने के एक वर्ष थम गया तो फिर वह जाना नही चाहता चाहे भले कुछ हो जाए तबादला का नाम सुनकर ऐड़ी चोटी का जोर लगा देंगे पर तबादला नही हो यह प्रयास करते है। अगर जनपद पंचायत कर्मचारियों की बात करें तो कुछ ऐसे भी हैं जिनकी महीने की सैलरी जितनी है अगर हिसाब लगाया जाए तो उतने का वह पेट्रोल डीजल खर्च कर देते हैं पर सीट जहां जिम्मेदारी निभा रहे वहां का प्रभाव ऐसा है कि जितनी सैलरी उतने 2-4 दिन में मिल जाते हैं। ऐसे में कुछ फर्क नहीं पड़ता है। जो हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना मनरेगा ऐसी है जिसमें 100 रूपए का काम 50-55 रूपए में पूरा कराने के बाद भी 100 का बताया जाता है फिर सबका साथ और सबका विकास भी हो रहा है।

गायों की पूजा कर देंगे रक्षा का संदेश, लोगों ने कहा-परंपरा का पालन करना ही धर्म

## मानव को प्रकृति से जोड़ने का काम कर रहा गोवर्धन पूजन का पर्वः संजय जैन

**तेंदूखेड़ा।** पांच दिवस तक चलने वाले दीपोत्सव का आज चौथा दिन है। इस दिन अन्नकूट गोवर्धन पूजा की जाती है। आज के दिन का पर्व प्रकृति एवं प्राकृतिक सम्पदा के संरक्षण एवं संवर्धन को अपनी पूजा पद्धति से जोड़कर वन पर्वत एवं वनस्पतियों के संरक्षण का कार्य करता है। सम्पूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र में मनाये जाने वाले इस



त्योहारों की अपनी अलग ही पहचान है इस क्षेत्र में गोवर्धन पूजा का त्योहार प्रकृति और मनुष्य के प्रेम भरे संबंध को बताता है। गोवर्धन पूजा हर साल दिवाली के दूसरे दिन अर्थात कार्तिक मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को की जाती है इस त्योहार को मनाने के पीछे एक पौराणिक कथा भी सुनने को मिलती है। लोगों ने कहा कि परंपरा का पालन करना ही धर्म है आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि मैं स्वयं लम्बे अरसे से गायों की सेवा कर रहा हूं गोवर्धन पूजा का पर्व हमें प्रकृति के साथ गायों की रक्षा का भी संपर्क देता है। इस दिन गौशाला में गोबर से गोवर्धन पर्वत बनता हूं, हम सब मिलकर उनकी पूजा भी करते है। मैं हर दिन गौशाला मैं गायों की सेवा करता हूं। यह पर्व भी हमें प्रकृति से जोड़ने का काम करता है। गोवर्धन पूजा के दिन हम सब मिलकर प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। मेरे सभी साथी और परिवार जन मिलकर गायों की सेवा करता है और उनके शरीर में गेरू भी लगाते हैं आज गौशाला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें जनप्रतिनिधि सहित समस्त क्षेत्रवासी शामिल होंगे।

## नगर के गुनौर रोड पर उड़ रहे धूल के गुबार

### थाना तिराहा से पानी टंकी तक गुनौर रोड की हालत जर्जर, पैदल चलना भी हुआ दुश्वार



**अमानगंज, पन्ना।** जिले के नगर अमानगंज में थाना तिराहा से पानी की टंकी तक गुनौर रोड की हालत जर्जर देखी जा रही है जिसमें वाहन तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। सड़क में बड़े बड़े गहरे गड्ढे हो गए हैं सड़क पर गिट्टी उखड़ी पड़ी है। सड़क के दोनों ओर दुकानें स्थित हैं और जब यहां से वाहन गुजरते हैं तो सड़क पर पड़ी गिट्टी उचट कर लोगों को लगकर चोटिल कर देती है। जो यदि किसी के आंख में लग जाए तो वह काना भी हो सकता है। पते कि बात यह है कि बीते माह प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री अमानगंज हेलिकाप्टर से आए थे उसी दिन उनके अमानगंमें में उतरने तक स्थानीय स्टेडियम के सामने सड़क पर गिट्टी गड्ढों को ढकने के लिए बिछाई जा रही थी। जहां वीआईपी अधिकारियों की गाड़ी पार्क करने के लिए अस्थाई पार्किंग बनाई जा रही थी और जैसे ही मुख्यमंत्री जी का उड़न खटोला आसमान की ओर उड़ा तो तुरंत सड़क निर्माण का काम बंद कर दिया गया। सड़क पर बिछाई गई गिट्टी पर न पानी डाल कर बेलन चलाया गया और न डामल का प्रयोग किया गया, जिससे आज वह सड़क पर गिट्टी चारों ओर बिखरी पड़ी हुई दिखाई दे रही है। यह रोड नगर अमानगंज के साप्ताहिक बाजार से सटा हुआ है जिस पर वाहनों का आवागमन भारी संख्या में होता है। अमानगंज का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वन विभाग का रेंज ऑफिस और थाना परिसर भी इसी रोड के बगल में है जिससे यह मार्ग सबसे अधिक व्यस्ततम रहता है लेकिन प्रशासन की उदासीनता की वजह से सड़क का हाल बेहाल बना हुआ है। जब बड़े वाहन सड़क से गुजरते हैं तो धूल के ऊंचे- ऊंचे गुब्बारे उड़ते हैं और वाहन हिचकोरें खाते चलते हुए दिखाई देते हैं। तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी भी इसी रोड से गुजरते हैं और रोड की हालत देखकर अपनी उदासीनता और बेबसी दिखाकर निकल जाते हैं।

# बहनों ने भाई के माथे पर लगाया स्नेह का तिलक तो बहनों को मिले सरप्राइज गिफ्ट, खुशियां हुई डबल

### दिपावली पर्व के बाद भाईदूज का सेलिब्रेशन रहा खास घर घर दिखी रिश्तों की अनमोल मिठास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा







भाई दूज का दिन बहन-भाई के आपसी रिश्तों में घुली हुई मिठास का प्रतीक है, इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर रोली और अक्षत से तिलक लगा, मिठाई से मुंह मीठा करा और अपने आपसी रिश्ते की लम्बी उम्र की भगवा- से प्रार्थना करती है। त्योहार कोई भी हो उसकी खुशी के रंग हर किसी के चेहरे में नजर आते हैं। दीपावली फेस्टिवल के साथ तेन्दूखेड़ा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाईदूज का पर्व भी भाई, बहनों ने धूम, धाम के साथ सेलिब्रेट किया। इसमें जहां बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उसकी लम्बी आयु की कामना कीवहीं भाइयों ने रिवाज के अनुसार बहनों को खुश करने के लिए उनके मनपसंद उपहार भेंट किए। इसके साथ ही इस पल को यादगार बनाने के लिए फैमिली के साथ फोटो ली गई और उन्हें दूसरों को शेयर की गई। इसके साथ बहनों ने भाइयों से मिले उपहार को भी सोशल मीडिया में शेयर करते हुए कई कमेंट्स भी लिखे। इस अवसर में बहनों ने भाइयों के माथे पर हल्दी, चंदन से तिलक कर मुंह मीठा कराया। वहीं भाइयों से गिफ्ट पाकर बहनों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी

#### घर के पकवानों से मुंह मीठा

रिश्तों की पवित्रता का प्रतीक भैया दूज की खुशियां घर-घर दिखाई दीं। सुबह से घरों में भाई दूज की तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों का प्यार देख भाइयों ने उन्हें गिफ्ट दिया। खुशी के इस अवसर पर घरों में पकवान बने, जिसका सभी ने लुफ्त उठाया।

#### मिले मनपसंद उपहार

भाईदूज पर भाइयों ने बहनों को उनकी मनपसंद गिफ्ट दिया। छोटे बच्चों ने अपनी बहनों को चॉलकेट और टाफियां दी। तो बड़े लोगों ने अपनी बहनों को सलवार सूट, मोबाइल आदि गिफ्ट दिया। बहनों को गिफ्ट में मल्टी मीडिया मोबाइल भी मिले।

#### वाट्सएप पर भेजीं बधाइयां

भाईदूज में बधाई संदेश के लिए मोबाइल व कंप्यूटर का जमकर प्रयोग हुआ। बहनों से दूर भाइयों ने बहनों को भाई दूज की बधाइयां भेजी। किसी ने फेसबुक पर फोटो समेत संदेश भेजा तो कोई ट्विटर पर भाई दूज की उपयोगिता बताते नजर आए। वाट्सएप के माध्यम से भाइयों ने बहनों को बधाइयां दी। सपना सोनी पूजा सोनी सोनम सोनी ने बताया कि वे भाई-दूज पर सुबह जल्दी उठकर पहले ट्रेडिशनल ड्रेस में तैयार हुए और फिर भाई को तिलक लगाया गया भाई सौरभ ने भी मेरी पसंद का गिफ्ट मुझे दिया। इस फेस्टिवल को न सिर्फ अपने ब्रदर, बल्कि पेरेंट्स के साथ भी सेलिब्रेट किया। खास दिन पर फैमिली के साथ आउटिंग भी की। मयंक ने बताया कि उनकी बहन वैशाली अक्सर उनसे अलग-अलग चीजों की डिमांड करती है। ऐसे में बहन को किस चीज की जरूरत है, यह उन्हें मालूम होता है। भाई दूज पर भी बहन को मोबाइल एसेसरीज गिफ्ट में दीं, जो कि वैशाली के लिए यूजफुल भी थीं और उसे पसंद भी आईं।

# भाई की लंबी उम्र के लिए बहनों ने उनके माथे पर लगाया तिलक

**पवई।** धनतेरस से शुरू होने वाला पांच दिवसीय दीपावली का त्यौहार भाई दूज के आखिरी दिन तक चलता है। गुरुवार को दीपावली के दूसरे दिन देश भर में भाई दूज का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ पारंपरिक ढंग से मनाया गया। पूरे जिले सहित पवई नगर एवं क्षेत्र भर में भी भाई दूज का पर्व प्राचीन परंपरा अनुसार मनाया गया,जहां महिलाओं ने घरों की सामने गोबर से बनी हुई दूज माता, गोवर्धन एवं ग्वाल वालों की पूजा करते हुए अपने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भाई दूज पर बहनों ने अपने-अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी आयु के लिए मंगल कामना की वहीं भाइयों ने भी उनके जीवन भर रक्षा सुरक्षा करने का उन्हें वचन दिया। यह पर्व मुख्य रूप से दो पौराणिक कथाओं पर आधारित है। एक में यमराज और यमुना के भाई बहन की मुलाकात का वर्णन है और



दूसरी में भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर का वध करने के बाद उनकी बहन सुभद्रा द्वारा किए गए स्वागत का जिक्र है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक करती है और उनकी लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है। भाई भी अपनी बहन की उम्र भर रक्षा करने का वचन देते हैं और उन्हें विभिन्न प्रकार के उपहार सप्रेम भेंट करते हैं। रक्षाबंधन की भाई दूज प्रेम सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है जो भाई बहनों को एक दूसरे की देखभाल करने की याद दिलाता है वहीं दूसरी ओर दीपावली की भाई दूज अनुष्ठानिक, आशीर्वाद समृद्धि और पारिवारिक सम्मान पर जोर देता है।

## खबर संक्षेप

### पूज्य पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज की होगी दमोह में भव्य आगवानी

**दमोह।** परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के शिष्य चर्या शिरोमणि अध्यात्मयोगी पट्टाचार्य परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी गुरुदेव ससंघ का दमोह नगर में मंगल आगमन 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे हो रहा है। पूज्य गुरुदेव की अगवानी पथरिया चौराहा रोड मलैया मिल से होगी। पूज्य गुरुदेव की अगवानी तीनगुल्ली, स्टेशन चौराहा होते हुए घंटाघर, पलंदी मंदिर, चौधरी मंदिर से सिंघई मंदिर जी तक भव्य प्रभावना सहित आगवानी होगी। सभी साधर्मी जन से मंगल आगवानी में सम्मिलित होकर पुन्यार्जन कर धर्म लाभ उठाने की अपील श्री दिगंबर जैन पंचायत दमोह ने की हैं।

### भाईदोज पर जिला जेल दमोह में हुई खुली मुलाकात

**दमोह।** दीपावली भाई दोज के पर्व पर जिला जेल दमोह में परिरूद्ध बंदियों की माता बहनों द्वारा उनके भाईयों से भाई दोज मनाये जाने हेतु केन्द्रीय जेल सागर के मौखिक निर्देशानुसार विशेष खुली मुलाकात प्रातः 09 बजे से प्रांरभ कराई जाकर अपराह्न 02 तक नियमानुसार मुलाकात सम्पन्न कराई गई जिसमें 167 भाईयों से 490 मातओ- बहनो ने एवं 69 बच्चों ने एवं 03 परिरूद्ध महिला बंदियों से उनके 10 भाईयों को रक्षासूत्र बांधकर एवं कुमकुम तिलक लगाकर मुँह मीठा कर मुलाकात की गई। जेल अधीक्षक जिला जेल दमोह ने बताया कि कुल 170 बंदियो से 500 परिजनों एवं 69 बच्चों की कुशलतापूर्वक मुलाकात कराई गई जिसमें किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नही हुई।

### दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**दमोह।** 22 अक्टूबर की रात्रि 9:30 बजे फरियादी द्वारा पुलिस थाना जबेरा में उपस्थित होकर की रिपोर्ट दर्ज कराई की उसके 11 वर्ष के लड़के के साथ अभियुक्त महेंद्र गोंड के द्वारा दुष्कर्म किया गया। जबेरा पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर 11 वर्ष के लड़के के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त महेंद्र गोंड को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से माननीय न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### युवा संगम रोजगार मेला 28 को

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि जिले में हर महीने के चौथे मंगलवार को आयोजित होने वाला युवा संगम रोजगार मेला इस माह 28 अक्टूबर को पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। मेला सुबह 10 बजे से शाम तक चलेगा। इस रोजगार मेले में लगभग 1500 रिक्त पदों के लिए विभिन्न निजी कंपनियाँ भाग लेंगी।

पहले पत्थर फेंके फिर लाठियों से पूरे परिवार को पीटा, हटा पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

# पटाखा फोड़ने के विवाद पर बवाल, करीब 25 बदमाशों ने एक घर पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





नगर में बुधवार रात करीब 10 बजे एक घर पर करीब 25 बदमाशों ने मिलकर हमला कर दिया। पहले पथराव किया और फिर लाठियां से पूरे परिवार को पीटा। उसके बाद सभी बदमाश वहां से भाग निकले। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। मौके पर आसपास के लोग एकजुट हो गए जिससे काफी भीड़ एकत्रित हो गई। जब तक हटा पुलिस मौके पर पहुंची सभी गायब हो चुके थे। दरअसल हटा के नवोदय वार्ड खचना नाका क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित युवक हिमांशु यादव ने बताया कि दीपावली की रात वह अपने कुछ दोस्तों के साथ शहर में पटाखा फोड़ रहा था। तभी रास्ते में उसका एक दोस्त भूरा मिल गया, जिसके साथ उसने पटाखे फोड़े। भूरा ने एक पटाका फोड़ा जिससे मेरा हाथ जल गया। जब मैने पटाखा फोड़ा तो वहां पर मनोज राय और कमलेश पहुंचे और मुझसे इस बात पर विवाद करने लगे कि तुमने यहां पटाखे क्यों फोड़े। मैंने उनसे सॉरी बोली और घर आ गया। अब दो दिन बाद मनोज राय और कमलेश साहू हेमंत ठाकुर भूरा ठाकुर अपने 20-25 साथियों के साथ मेरे घर आए और घर पर पथराव कर दिया। कमलेश चाकू लिए था और बाकी लोगों ने लाठियों से मुझे मेरी दोनों बहने रागनी,नंदनी एवं मां ज्योति यादव और चाचा हीरालाल यादव सबको पीटा। जिससे परिवार को सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। वही हटा थाना पुलिस ने हिमांशु यादव की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की बीएनएस की धारा 296 115 (2) 351 (2) 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज की है। हालांकि आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सागर के डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कर रहे दोनी गांव में सर्वेक्षण

# कलचुरी कालीन प्रतिमाओं का चल रहा सर्वेक्षण, नए तथ्य आएंगे सामने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेदूखेड़ा ब्लॉक के दोनी गांव में बीते दिनों पुरातात्विक खुदाई के दौरान ब्रह्मा, विष्णु, शिव, उमा-महेश्वर, पार्वती, अर्धनारीश्वर, वायुदेव, गज अप्सरा और नायिका जैसी कलात्मक एवं विशिष्ट प्रतिमाएं मिली थी। यह प्रतिमाएं कलचुरी कालीन बताई जा रही थीं, जिसके बाद मध्य प्रदेश पुरातत्व विभाग द्वारा इन प्रतिमाओं के संरक्षण का कार्य कराया जा रहा है। दोनी गांव में इन अव्यवस्थित कलचुरी कालीन मंदिरों के संरक्षण कार्य से बड़ी संख्या में प्रतिमाएं, मंदिर स्थापत्य खंड मिल रहे हैं, जिनसे इस अंचल का कलचुरी कालीन इतिहास पर नवीन तथ्य सामने आएंगे। इस ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थल का सर्वेक्षण सागर से डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति व पुरातत्व विभाग के प्रो. नागेश दुबे, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ . सुरेंद्र कुमार यादव, विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ. शिव कुमार पारोचे , डॉ. मशकूर अहमद कादरी के साथ विभाग के शोध छात्र आनंद कुमार जायसवाल कर रहे है। इस सर्वेक्षण कार्य में डॉ.पीसी महोबिया, अजय द्विवेदी और वन आरक्षक अभिषेक जैन भी योगदान दे रहे है।

### पुरातत्व विभाग कर रहा विस्तृत अध्ययन

यह खुदाई स्थानीय विधायक और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देश पर प्रारंभ की गई थी। यहां पर संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल की आयुक्त उर्मिला शुक्ला के निर्देशन में मढ़ा क्रमांक-1 का मलबा सफाई कार्य उपसंचालक पीसी महोबिया (ग्वालियर) की देखरेख में चल रहा है।

# ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा राशन दुकानों का समुचित लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक ओर जहां सरकार द्वारा प्रदेश में गरीब हितग्राहियों को प्रति माह 5 किलो गल्ला निशुल्क देने की जनकल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ राशन दुकान विक्रेताओं द्वारा शासन की इस योजना को ग्रहण लगाने का कार्य किया जा रहा है ग्रामीण अंचलों में ऐसे कई मामले उजागर हुए जिसमें हितग्राहियों को प्रति माह राशन प्राप्त नहीं होना। माह में एक-दो दिन ही राशन दुकान खुलना, हितग्राही को 5 किलो की वजह कम अनाज प्राप्त होना। दुकानों पर कम तुलाई जैसी अनेक शिकायतें उपभोक्ता द्वारा की जाती रही है, ग्राम कचनारी, मुहराई, खमरगौर, तेवरैया, बलैह, आदि गांव के उपभोक्ताओं ने हरिभूमि को बताया कि हमारे यहां की राशन दुकान प्रतिदिन नहीं खुलती है। माह में एक या दो दिन को ही राशन दुकानें खोली जाती हैं। बाकी के समय राशन दुकानों पर ताला लगा रहता है,जबकि शासन के नियम अनुसार राशन दुकानों का प्रतिदिन सुबह 10: से शाम 5: बजे तक डेली खुलना निर्धारित किया गया है,हितग्राहियों ने बताया कि राशन दुकान विक्रेता गांव से 30 किलोमीटर दूर हटा शहर में निवास करते हैं और अपनी मनमर्जी से दुकानों का संचालन कर रहे हैं अनाज वितरण करने की कोई समय सीमा नहीं है, दुकानदारों द्वारा अनाज वितरण करने की कोई तारीख भी निश्चित नहीं की गई है ,जब दुकानदारों का मन होता है तब अपनी सुविधा अनुसार राशन दुकान खोलकर अनाज वितरण करते हैं,ग्रामीण बताते हैं कि यदि हम लोग रिश्तेदारी में कहीं भी बाहर जाते हैं और यदि उसी समय ग्राम में राशन खुलता है तो जब हम लौट कर वापस आते हैं तो हमें उस माह का राशन नहीं मिल पाता दुकानदार बोलते हैं कि राशन तो बट गया इस माह का अब नहीं मिल पाएगा, राशन दुकान विक्रेताओं की मनमानी से आम हितग्राही उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, विगत दिवस जब हमारे संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने गैसाबाद ग्रामीण अंचल की राशन दुकानों का जायजा लिया तो क्षेत्र की किसी भी राशन दुकान में सूचना पटल एवं स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया हितग्राहियों ने खाद्य विभाग से राशन दुकानों को प्रतिदिन खोले जाने के लिए आदेशित किये जाने एवं दुकानों पर व्याप्त एनीमिकताओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

# अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने ई अटेंडेंस के विरोध में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



संयुक्त संचालक शिक्षा सागर के द्वारा ई अटेंडेंस के आधार पर वेतन भुगतान किए जाने के आदेश के विरोध में आज दमोह जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करते हुए मांग की कि जेडी सागर का आदेश तत्काल निरस्त किया जाए। क्योंकि अभी तक राज्य स्तर से ऐसा कोई भी आदेश नहीं हुआ है, ज्ञापन में कहा गया है कि अनेक बार ज्ञापन देने के बाद भी हमारे शिक्षक एप को लेकर किसी भी तकनीकी विसंगति का कोई सुधार नहीं किया गया है। आज भी अनेक ग्रामों में नेटवर्क की समस्या है, लगातार आर्थिक धोखाधड़ी हो रही है। शिक्षकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। किसी भी प्रकार से यह एप सुरक्षित नहीं है और इसकी जिम्मेदारी कोई अधिकारी नहीं लेना चाहते। अतः जब तक इन विसंगतियों का सुधार नहीं होता तथा ई अटेंडेंस प्रदेश के समस्त अधिकारी कर्मचारीयों पर लागू नहीं होती तब तक इसका बहिष्कार जारी रहेगा। जेडी ने दीपावली जैसे पावन पर्व के समय ऐसा आदेश निकालकर शिक्षकों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा करने का काम किया है, जो अनुचित और मानवीय नहीं है, ज्ञापन के बाद जलि शिक्षा अधिकारी ने किसी की भी वेतन न रोकने का आश्वासन दिया है, संयुक्त मोर्चा के सभी अध्यक्षों ने एक साथ शिक्षकों से आव्हान किया है कि किसी भी भय में आकर ई अटेंडेंस एप को डाउनलोड न करें तथा जब तक मांगो का निराकरण नहीं किया जाता, ई अटेंडेंस न लगाएं। ज्ञापन कार्यक्रम में राकेश हजारी, मनोहर दुबे, स्वामी सत्यनारायण तिवारी, आसिफ़ अंजुम, प्रेम सिंह, ताहिर खान, देवेंद्र सिंह ठाकुर, कमलेश सेन गगन कन्नौजे, प्रमेंद्र जैन, राजीव विश्वकर्मा, शिशिर तिवारी, नीरज पांडे, एवं अन्य संगठनों के सदस्य उपस्थित।

# तीन चरणों में चलेगा अभियान, पहली प्राथमिकता, पलायन वाले बच्चों की- कलेक्टर

### 27 अक्टूबर से शुरू होगा जिले में विशेष टीकाकरण अभियान कोई भी बच्चा न छूटे, ग्रामवासियों से आह्वान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण शामिल है। इसी उद्देश्य से जिले में 27 अक्टूबर से विशेष टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान तीन चरणों में चलेगा, प्रत्येक चरण 10 दिनों का होगा। पहले चरण में पलायन वाले बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी, क्योंकि दीपावली के अवसर पर ऐसे कई परिवार जिले में लौटे हैं और जल्द ही वापस जा सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और आशा सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए सिरे से बच्चों की सूची तैयार करें, पुरानी लिस्ट का उपयोग न करें। प्रत्येक गांव की नई सूची के आधार पर टीकाकरण सत्र संचालित किए जाएंगे। जहां एएनएम पद रिक्त हैं, वहां अन्य क्षेत्रों की एएनएम को जिम्मेदारी देकर सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले चरण के बाद दूसरे और तीसरे चरण में छूटे हुए बच्चों को कवर किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि तीसरे चरण में उन जटिल मामलों पर ध्यान दिया जाएगा, जिन परिवारों ने वैक्सीनेशन के प्रति अनिच्छा दिखाई है या बच्चे की बीमारी का हवाला देकर टीकाकरण से इनकार किया है। ऐसे परिवारों को जनप्रतिनिधियों, विकास साझेदारों और अधिकारियों की मदद से समझाकर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने जिलेवासियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने बच्चों को टीका अवश्य लगवाएं। विशेष रूप से वे परिवार जो दिल्ली, गुरुग्राम या अन्य राज्यों में कार्यरत हैं और दीपावली पर घर आए हुए हैं, वे प्रस्थान से पहले बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा, एक टीका आपके बच्चे को कई गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। इस अभियान को सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है ताकि कोई भी बच्चा हमारा छूट न पाए।

### आज निकलेगी श्री राम श्यामलिया सरकार की शोभायात्रा



**हटा।** उपकाशी नगरी हटा में श्री राम श्यामलिया सरकार की जलविहार शोभा यात्रा प्रतिवर्षानुसार दीपावली की तीज पर आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे देव श्री बालाजी मंदिर से गाजे-बाजे, धूमधाम के साथ प्रारंभ होकर रत्न बजरिया, चंडी जी मन्दिर होते हुए सिद्ध क्षेत्र गंगा झिरिया धाम को प्रस्थान करेगी। वहीं गंगा झिरिया धाम में मेला भरेगा। ताम्रकार समाज द्वारा समस्त नगर वासियों से आग्रह किया गया कि श्री राम श्यामलिया सरकार की जलविहार शोभा यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ उठाएं एवं मेलें का आनन्द ले।

# सड़क हादसे में युवक की मौके पर मौत, बाइक जलकर हुई खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के जबलपुर मार्ग पर चिरईचौंच के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेजगढ़ पिपरिया निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद मोटरसाइकिल में आग लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राम अवतार पिता लखन यादव, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी तेजगढ़ पिपरिया, थाना तेजगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राम अवतार किसी काम से दमोह की ओर आ रहा था। चिरईचौंच के पास अचानक उसकी मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक राम अवतार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### हादसे के बाद बाइक में लगी भीषण आग

हादसे के कुछ ही देर बाद मृतक की बाइक में आग लग गई, और देखते ही देखते पूरी मोटर साइकिल जलकर राख हो गई। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमोह फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। देहात थाना पुलिस और नोहटा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है। फिलहाल हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जबलपुर मार्ग पर रात के समय वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पर अपर्याप्त रोशनी के कारण इस क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सड़क सुरक्षा के उपाय बढ़ाने और गति नियंत्रण के लिए कदम उठाने की सख्त मांग की है।

### सगोनी से टिकरिया मार्ग की लंबाई 5.60 किलोमीटर लागत 07.67 करोड रूपये स्वीकृत

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने बताया लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह द्वारा पथरिया विधानसभा अंतर्गत सगोनी से टिकरिया मार्ग के लिए स्वीकृत प्रदान की हैं। उन्होंने बताया सगोनी से टिकरिया मार्ग की लंबाई 5.60 किलोमीटर लागत 07.67 करोड रूपये हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने मार्ग स्वीकृति के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री सिंह का पथरिया विधानसभा के ग्रामीणजनों की ओर से आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया टिकरिया ग्राम एक मात्र ऐसा ग्राम था जो मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा था। उन्होंने अपने संकल्प के अनुसार विधानसभा के प्रत्येक ग्राम को मुख्य सड़क से जोड़ना था, जिसको पूरा किया हैं। यह दीपावली का क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा उपहार हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा उनका प्रयास टिकरिया ग्राम को अन्य और ग्राम से जोड़ने का है, जिसके लिए वे प्रयासरत हैं।

### पथरिया व बटियागढ़ क्षेत्र में सर्वाधिक पंजीयन सभी व्यवस्थाएँ चाक चौबंद

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी के लिये जिले के लगभग 24,000 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें सबसे अधिक पंजीयन पथरिया और बटियागढ़ क्षेत्र से हुए हैं। कलेक्टर ने बताया कि इन दोनों क्षेत्रों को मिलाकर 60 प्रतिशत से अधिक पंजीयन दर्ज किए गए हैं, जबकि तेंदूखेडा और जबेरा क्षेत्र में पंजीयन नगण्य है। उन्होंने बताया कि जिले में 24 अक्टूबर से जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खरीदी कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियाँ और व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। दीपावली से पहले ही इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए थे और आज पुनः अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया है, वहीं मंडी प्रशासक एसडीएम सीधे योजना की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही, व्यापारियों के गोदामों का सत्यापन भी कराया जा रहा है ताकि किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी न हो सके। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र किसान को योजना का पूरा लाभ मिले।

**आज से होगी सोयाबीन खरीदी की शुरूआत**

# सेतु पर बेसहारा मवेशियों का जमावड़ा, राहगीरों के लिए बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

**क्षेत्र की सड़कों पर घूमते बेसहारा मवेशी वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी महादेव घाट बनवार बड़े घाट धुनगी सेतु, पटना बनवार बस स्टैंड रोड और आसपास के मार्गों पर देखी जा रही है, जहां दिनभर मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। सुबह से लेकर देर रात तक सड़क पर बैठे इन मवेशियों को हटाने की कोशिश में कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बच जाती हैं।**

विशेष रूप से सेतु रोड पर वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि मवेशियों के झुंड सड़क के बीचोंबीच बैठे रहते हैं, जिससे सीधी ड्राइविंग करना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि महादेव घाट सेतु और बांदकपुर-बनवार रोड पर हाल ही में एक बड़ा हादसा टल गया। मवेशियों को बचाने के प्रयास में एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई, गनीमत रही कि कार में सवार सभी छह यात्री बाल-बाल बच गए। इस घटना ने क्षेत्र में मवेशियों की बढ़ती समस्या को फिर से उजागर कर दिया है। नगर के चौक-चौराहों, गलियों और मुख्य मार्गों पर बेसहारा पशुओं का डेरा अब आम दृश्य बन चुका है। कई बार राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को अचानक सड़क पार करते मवेशियों के कारण गिरने या चोट लगने की नौबत आ जाती है। प्रशासन द्वारा पूर्व में कलेक्टर के निर्देश पर 'हांका दल' गठित कर आवारा मवेशियों को नजदीकी गौशालाओं में भेजने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन ग्राम पंचायतों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। परिणामस्वरूप समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।